SI. No.	District	Name of Exchange	Capacity	Type
11.	Aurangabad	Aurangabad	8400	MAX I
12.	Jalgaon	Jalgaon	6900	MAX I
13.	Nasik	Nasik City	9200	MAX I
14.	Nasik	Nasik Road	5400	MAX I
15.	Pune	Pimpri Chinchwad	6000	MAX I
16.	Sangli	Sangli	6300	MAX I
17.	Solapur	Solapur	9600	MAX I
18.	Thane	Kalyan	5800	MAX I
19.	Chandhapur	Chandhapur	5000	ICP
20.	Dhule	Dhule	7000	ICP
21.	Latur	Latur	4000	ICP
22.	Thane	Bhiwandi	8000	ICP
23.	Jalna	Jalna	3000	PC
24.	Kolhapur	Ichalkaranji	5200	PC
25.	Nanded	Nanded	4200	PC
26.	Nasik	Malegaon	4200	PC
27.	Pune	Pune City II	10000	PC
28.	Pune	Pune City III	6000	PC
29.	Satara	Satara	3900	PC
30.	Thane	Dombivili	7000	PC
31.	Pune	M. Shinde	10000	C 400
32.	Thane	Ulhas Nagar	10000	C 400

निजी कम्पनियों को कार्य सौंपे जाना

2586. **श्री राघवजी:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)वर्ष 1996-97 के दौरान किन-किन निजी कम्पनियों को, कौन-कौन से कार्य कब-कब सौंपे गए:

(ख)प्रत्येक कार्य की अवधि कितनी है;

(ग)विभिन्न कार्यो के लिए दी गई धनराशि संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ)वर्ष 1996-97 के दौरान इन कार्यो से कितनी आय होने की संभावना है?

संचार मंत्री श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) और (ख) वर्ष 1996-97 के दौरान विभिन्न दूरसंचार सेवाओं के लिए दूरसंचार विभाग द्वारा भारतीय पंजीकृत कंपनियों को दिए गए लाइसेंसों के ब्यौरे (लाइसेंस की तारीख, लाइसेंस की अवधि तथा लाइसेंसशुदा सेवा क्षेत्रों सहित) अनुपत्र में दिए गए है। [देखिए परिशिष्ट 180, अनुपत्र सं0 55]

(ग)और (घ) वर्ष 1996-97 और इसके बाद के दौरान विभिन्न दूरसंचार सेवाओं के लिए प्रदान किए गए लाइसेंसों हेतु वसूली योग्य लाइसेंस शुल्क तथा लाइसेंस की संपूर्ण अवधि के दौरान वसूली-योग्य कुल राजस्व के ब्यौरे अनुपत्र में दिए गए है। [देखिए परिशिष्ट 180, अनुपत्र सं0 55]

मध्य प्रदेश में सिंगरोली में एस टी डी/ आई एस डी सुविधाएं

2587. **श्री जगन्नाथ सिंह:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क)क्या यह सच है कि जिला सीधी (मध्य प्रदेश) की सिंगरौली, (बैदन), चितरंगी, देवसर और कुसमी तहसीलों को देश विदेश के अन्य स्थानों से एस टी डी सुविधा से जोड़ने हेतु अनेक अवसरों और स्तरों पर चर्चाएं हुई हैं लेकिन लाखों लोगों की घनी जनसंख्या से बसी होने के बावजूद इन तहसीलों को अभी भी छुआ तक नहीं गया है;

(ख)क्या यह भी सच है कि सरकार को भी इस मामले से अवगत कराया गया है लेकिन अभी